दिन— मंगलवार | दिनांक— 22 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि— 15 मिनट

---

01. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दिया।

02. बिहार प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक हजार दो सौ से कम मतदाता वाला देश का पहला राज्य बना। निर्वाचन आयोग ने कहा — इस कदम का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाना है।

03. पश्चिम चंपारण का रामपुरवा और लौरिया नंदनगढ़ का अशोक स्तंभ यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल।

04. और, गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी और महानंदा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से कटिहार, खगड़िया, पटना और बेगूसराय जिले के कई हिस्से बाढ़ की चपेट में।

---

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिखे पत्र में श्री धनखड़ ने कहा कि स्वास्थ्य प्राथमिकता और चिकित्सा परामर्श का पालन करते हुए उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। श्री धनखड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सांसदों से मिले स्नेह और विश्वास को वे हमेशा अपनी स्मृति में संजोए रखेंगे। श्री धनखड़ ने कहा कि इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अमूल्य अनुभवों और विचारों के लिए वे बहुत आभारी हैं।

---

बिहार देश का पहला राज्य बन गया है जहां प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक हजार दो सौ से कम मतदाता होंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य लंबी कतारों को कम करना और मतदान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना है। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

मतदान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए पूरे राज्य में बारह हजार आठ सौ सत्रह नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इससे पहले प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक हजार पांच सौ मतदाताओं की सीमा थी जिसे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण – एसआईआर के अंतर्गत संशोधित करके एक हजार दो सौ किया गया है। इसके साथ ही बिहार में मतदान केंद्रों की कुल संख्या अब बढ़कर नब्बे हजार सात सौ बारह हो गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इस बीच, आयोग ने कहा है कि राज्य में जारी एसआईआर के दौरान अब तक सात करोड़ सोलह लाख से अधिक गणना प्रपत्र जमा किए जा चुके हैं। अब केवल उनतीस लाख बासठ हजार सात सौ बासठ मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा करना शेष है। आयोग ने बताया कि पहली अगस्त से मतदाता सूची के मसौदे में कोई भी व्यक्ति किसी मतदाता का नाम जोड़ने, हटाने या सुधार करने से संबंधित आपत्तियां दर्ज करा सकता है।

---

यूनेस्को ने भारत के लिए अपनी संभावित सूची में पश्चिम चंपारण जिले के रामपुरवा और लौरिया नंदनगढ़ के अशोक स्तंभ को शामिल किया है। लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौर्य मार्गों पर अशोक शिलालेख स्थलों के लिए क्रमिक नामांकन शीर्षक के तहत इन स्थलों को संभावित सूची में शामिल किया गया है। श्री शेखावत ने बताया कि भारत के स्थाई प्रतिनिधिमंडल ने इन दोनों स्थलों के नाम यूनेस्को को सौंपे थे।

---

विधानमंडल के मानसून सत्र में आज विधायी कार्य निपटाए जायेंगे। चौबीस जुलाई को अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद के बाद मतदान होगा। सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे। सत्र के दौरान चार नये और आठ संशोधन विधेयक पेश किये जायेंगे।

---

विधानमंडल के मानसून सत्र को लेकर कल भाजपा और राजद के विधान मंडल दल की बैठक पटना में आयोजित की गई। भाजपा के विधानमंडल दल के नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सदन में विपक्ष के आरोपों से बचाव और पलटवार पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर भी बैठक में चर्चा की गयी। वहीं, राजद विधानमंडल दल की बैठक के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एसआईआर को लेकर सदन में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि

इस मुद्दे को नजरअंदाज किया गया, तो इसका लोकतांत्रिक और राजनीतिक तरीके से जवाब दिया जाएगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए विधायकों से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की है। एनडीए विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी, एक करोड़ से अधिक नौकरी और रोजगार, महिलाओं के लिए डोमिसाइल नीति और एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को देने को कहा। उन्होंने विधायकों से कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार के लिए किया जा रहे प्रयासों की भी आम लोगों को जानकारी दें और उनके साथ सीधा संवाद बनाएं। श्री कुमार ने मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के सवालों का संयम और शालीनता से जवाब देने की भी सलाह दी। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत राज्य कैबिनेट के सभी सदस्य और एनडीए के सभी विधायक और विधान पार्षद मौजूद थे।

———————————————————

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृति के लिए अपना आवेदन सरकार को सौंपा है। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। डॉक्टर सिद्धार्थ इस वर्ष नवम्बर महीने में सेवानिवृत होने वाले थे।

———————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अपने सभी विद्यालायों में उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। नए मानदंडों के अनुसार, प्रवेश और निकास द्वार, गलियारों, सीढ़ियों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कैंटीनों, खेल के मैदानों और शौचालयों को छोड़कर अन्य सामान्य क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाएँगे। कैमरों में रीयल–टाइम रिकॉर्डिंग और कम से कम पंद्रह दिनों का डेटा उपलब्ध रहेगा जिसका उपयोग आवश्यकता के अनुसार किया जा सकेगा।

———————————————————

नेपाल से निकलने वाली नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के चलते प्रदेश में गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी और महानंदा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधीघाट और हाथीदह तथा भागलपुर के कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। वहीं, मनेर में सोन नदी का जलस्तर लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से लगभग आधा मीटर ऊपर बना हुआ है। विभिन्न नदियों में उफान से प्रदेश के कई तटवर्ती क्षेत्रों और निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है।

---

हमारे संवाददाता ने बताया कि कटिहार जिले से गुजरने वाली गंगा, कोसी, महानंदा और बरंडी नदी में उफान से कई निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

———रिपोर्ट———

गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि से कुरसेला प्रखंड के खेरिया, मलनिया, पत्थर टोला और कमलाकानी जैसे निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। कुरसेला नगर पंचायत क्षेत्र के बागमारा और पचखुटी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर भी तीन फीट तक पानी बह रहा है। कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से महज एक सेंटीमीटर नीचे है और कभी भी यह खतरे के निशान को पार कर सकता है। हालात को देखते हुए पशुपालक अपने मवेशियों को ऊंचे स्थानों पर ले जा रहे हैं। इधर, खेतों और बहियारों में बाढ़ का पानी भरने से हरित चारा पूरी तरह बर्बाद हो गया है। खेरिया घाट पर कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से तेज़ कटाव भी शुरू हो गया है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया है कि कटाव क्षेत्र में राहत के कार्य किए जा रहे हैं। गंगा और महानंदा नदी के कटाव वाले क्षेत्रों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

---

खगड़िया जिले में भी गंगा और गंडक नदी का जलस्तर लगातार बढ रहा है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

———रिपोर्ट———

परबत्ता से लेकर खगड़िया तक गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि से कई निचले इलाकों में पानी फैलने लगा है। कई गांव और बसावट का सड़क संपर्क टूट गया है। कई स्कूलों में पानी भर गया है। गंगा में उफान से गंडक नदी ने भी रौद्र रूप धारण कर लिया है। जिसके कारण खगड़िया सदर के तीन पंचायत रहीमपुर मध्य, दक्षिण और उत्तरी पंचायत के कई गांव पानी से घिर गए हैं। लोगों को घरों से निकलने अथवा मवेशी चारा के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गापुर पुल के पास एप्रोच पथ टूटने के कगार पर है। जबकि मथार से एकनियाँ के बीच पुलिया बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिला परिषद सदस्य प्रियदर्शना सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर प्रभावित गांवों में बचाव कार्य चलाने और तत्काल नाव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

इधर, गंगा नदी में उफान से पटना के दियारा क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। नदी का पानी कई नये इलाकों में भी फैल गया है। बेगूसराय के बलिया में भी गंगा नदी का पानी नये इलाकों में फैल रहा है।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में पच्चीस जुलाई से एक बार फिर मानसून सक्रिय होगा। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के मानसून की ट्रफ लाईन में बदलने से राज्य के अधिकतर हिस्सों में मूसलाधार बारिश की संभावना है। इधर, आज राज्य के मध्य और पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

---

सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के पंद्रह सदस्यों को शेखपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इधर, पटना से सिपाही भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों की गिरफ्तारी हुई है।

---

पटना के एक निजी अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के मामले में गिरफ्तार चारो आरोपियों को पटना के बेऊर जेल भेज दिया गया है। इधर, अदालत ने मुख्य आरोपी तौसिफ को बहत्तर घंटों की पुलिस रिमांड पर सौंपने का आदेश दिया है।

---

सहरसा जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या–तेरह में पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस टीम पर आरोपियों के परिजनों ने पथराव कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

---

पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया स्टेशन के पास वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव करने आरोप में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफा और संसद तथा बिहार विधान मंडल के मानसून सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – धनखड़ का स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा, सत्र के पहले दिन राज्यसभा के सभापति ने की घोषणा। **दैनिक भास्कर** लिखता है – विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू, मात्र अठारह मिनट की कार्यवाही में ही विपक्ष का हंगामा, वेल में नारेबाजी भी। **दैनिक जागरण** ने लिखा है – मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन के लिए तीन हजार चार सौ तेईस करोड़ रूपये। **प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। **राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू, संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में दिए गए नोटिस। **आज अखबार** लिखता है – प्रीपेड मीटर वालों को एक सौ पच्चीस यूनिट खपत तक नहीं करना होगा रिचार्ज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दिया।

02. बिहार प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक हजार दो सौ से कम मतदाता वाला देश का पहला राज्य बना। निर्वाचन आयोग ने कहा – इस कदम का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाना है।

03. पश्चिम चंपारण का रामपुरवा और लौरिया नंदनगढ़ का अशोक स्तंभ यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल।

04. और, गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी और महानंदा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से कटिहार, खगड़िया, पटना और बेगूसराय जिले के कई हिस्से बाढ़ की चपेट में।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।